# अभ्यास कार्य

## सोचिए और बताइए

1. किसी शब्द का एकदम विपरीत अर्थ देने वाले शब्दों को क्या कहा जाता है?
2. किसी शब्द का विलोम लिखते समय क्या सावधानी रखनी चाहिए? उदाहरण देकर समझाइए

## लिखिए

C-3.1 (शब्द-भं

**1. रेखांकित शब्दों के उचित विलोम शब्दों से रिक्त स्थान भरिए–**

(क) सूर्य पूर्व में उदय होता है और पश्चिम में ........ अस्त ........ ।

(ख) वह नास्तिक है और तुम ........ आस्तिक ........ ।

(ग) तुम चाहे इसे ग़ैर ज़रूरी काम मानो, लेकिन मेरे लिए यह बेहद ........ जरूरी ........ है

(घ) तुमने जो वाक्य लिखा था, वह अशुद्‌ध था, किंतु मैंने उसे ........ शुद्‌ध ........ कर दि

(ङ) खेल में जीत मिले या ........ हार ........, हमें उसे खेल-भावना से खेलना चाहिए।

**2. उपयुक्त विलोम शब्दों के जोड़े मिलाइए–**

(शब्द भंडार

| | |
|---|---|
| (क) राजा | (*i*) अवनति घ |
| (ख) अनुकूल | (*ii*) अनौपचारिक ङ |
| (ग) आलस्य | (*iii*) शोक ज |
| (घ) उन्नति | (*iv*) रंक क |
| (ङ) औपचारिक | (*v*) प्रतिकूल ख |
| (च) कृत्रिम | (*vi*) स्फूर्ति ग |
| (छ) न्यून | (*vii*) प्राकृत च |
| (ज) हर्ष | (*viii*) अधिक छ |

**3. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरस्वरूप सही विकल्प छाँटिए–** (उपयुक्त शब्द प्रयोग

(क) यदि शब्द तत्सम हो, तो उसका विलोम भी ........ होना चाहिए। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त श

(*i*) तत्सम ✓ (*ii*) तद्‌भव

(*iii*) देशज (*iv*) विदेशी

(ख) तुम्हें इस काम में काफ़ी मुनाफ़ा हुआ है। वाक्य के रंगीन शब्द का सबसे उपयुक्त विलोम है

(*i*) हानि (*ii*) नुकसान

(*iii*) क्षति (*iv*) क्षय

(ग) 'प्रश्न' का सबसे सही विलोम होगा–

(*i*) जवाब ☐ (*ii*) उत्तर ☑

(*iii*) आंसर ☐ (*iv*) प्रश्नोत्तरी ☐

**4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए–** (शब्द भंडार का विकास)

(क) उपकार – अपकार (ख) उपजाऊ – अनुपजाऊ

(ग) निंदा – प्रशंसा (घ) कृतज्ञ – कृतघ्न

(ङ) अनिवार्य – ऐच्छिक (च) दुर्भाग्य – सौभाग्य

(छ) एक – अनेक (ज) आकर्षण – विकर्षण

(झ) आदान – प्रदान (ञ) कोमल – कठोर

(ट) खरा – खोटा (ठ) गहरा – उथला

## आइए, सीखें वर्तनी

(ध्वन्यात्मक जागरूकता, सहज वर्तनी बोध)

निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी का अभ्यास कीजिए– ऋ की मात्रा पर आधारित शब्द।

कृतज्ञ पृथ्वी कृपाण कृपया गृह मृग घृत तृण